**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय बजट 2026–27 पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा।

2. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के अवसर पर तेईस से पच्चीस जनवरी तक पराक्रम दिवस का आयोजन किया जाएगा।

3. भारतीय डाक विभाग ने स्कूली विद्यार्थियों को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन, अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

- श्री विजयपुरम में 27 जनवरी से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय बजट 2026–27 पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। सदन में बजट पेश करने की प्रक्रिया पहली फरवरी को सवेरे 11 बजे शुरू होगी। संसद सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा।

<><><><><><><>

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम (ग्रामीण) के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण नहीं किया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय –पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि यह दावा भ्रामक है। इकाई ने कहा कि श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी में कोई कमी नहीं की जाएगी और रोजगार की कानूनी गारंटी पहले की तरह जारी रहेगी। पीआईबी ने नागरिकों से सटीक जानकारी के लिए हमेशा आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के अवसर पर तेईस से पच्चीस जनवरी तक श्री विजयपुरम में पराक्रम दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी को नेताजी स्टेडियम में नेताजी के जीवन की उपलब्धियों की प्रस्तुति के साथ–साथ उनसे संबंधित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा, जो आम जनता के लिए खुली रहेंगी। 23 से 25 जनवरी तक प्रदर्शनी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विविध विषयक प्रदर्शनियों, हस्तशिल्प स्टॉलों एवं खाद्य स्टॉलों का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से 74वें पुलिस स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में मरीना पार्क में "नमन" नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन बहादुर शहीदों, पुलिस कर्मियों और स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित था, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशासन और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, ब्रास बैंड का प्रदर्शन और भारत की 'विविधता में एकता' को दर्शाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य के साथ नशे के दुष्प्रभावों और साइबर अपराध पर लघु–नाटक का मंचन किया गया।

<><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से केन्द्रशासित प्रदेश योजना के तहत किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग ने कहा है कि किसान अपने नजदीकी कृषि उप–डिपो से रियायती दरों पर रासायनिक उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को अनधिकृत डीलरों या अवैध स्रोतों से उर्वरक खरीदने से बचने को कहा गया है। विभाग ने रासायनिक उर्वरकों की अवैध या अनधिकृत बिक्री के विरुद्ध चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसे मामले पाए जाते हैं, तो उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने स्थानीय कृषि उप–डिपो, क्षेत्रीय कृषि कार्यालय या किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय डाक विभाग ने स्कूली विद्यार्थियों को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन, अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस वर्ष का विषय है– डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्वपूर्ण हैं, इस विषय पर अपने मित्र को पत्र लिखें। संचार मंत्रालय ने बताया कि नौ से पंद्रह वर्ष की आयु के विद्यार्थी अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भाषा में हस्तलिखित पत्र जमा कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि विद्यालय चयनित पत्रों को 20 मार्च तक डाक मंडलों को भेजेंगे। विजेताओं को डाक मंडल और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ पत्र भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगा।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में 27 जनवरी से 10 फरवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्वा सिन्हा राय मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से बैरन द्वीप के लिए समय सारणी जारी कर दी गई है। यह क्रूज यात्रियों को दक्षिण एशिया के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने का अवसर प्रदान करेगा। जहाज नालंदा तेरह और सत्ताई फरवरी को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा। टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल से बुक किए जा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए, पोर्टल से लिंक करने वाला एक QR कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में चिकित्सा विशेषज्ञों के विभिन्न पदों पर एक वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएंगी। इसके लिए प्रतिमाह ढाई लाख से तीन लाख रुपये की एक मुश्त राशि दी जाएगी। उम्मीदवार की आयु पैंसठ वर्ष निर्धारित की गई है। साक्षात्कार ऑनलाइन मोड पर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार कल शाम 4 बजे तक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों की सूची 27 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

हटबे थाना पुलिस की टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान में 6.979 किलोग्राम क्रिस्टलीय मेथामफेटामाइन बरामद की है। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रीतम बिहारी के नेतृत्व में टीम तैयार की गई। पुलिस टीम ने गहन तलाशी के दौरान, एक विशाल पेड़ की जड़ों के पास रेत में दबे और सूखे पत्तों से ढके 7 संदिग्ध पैकेट बरामद किए गए। कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए नशीले पदार्थ को मौके पर ही सील कर दिया गया और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की ओर से संलिप्त लोगों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के अंडमान सागर के नॉर्थ बे में भारत की पहली ओपन–सी समुद्री मत्स्य पालन परियोजना के शुभारंभ करने के समाचार को अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। इस समाचार पर **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने सुर्खी देते हुए कहा–केन्द्रीय मंत्री ने इसे भारत के विशाल समुद्री संसाधनों के माध्यम से ब्लू इकोनॉमी को साकार करने की दिशा में पहले बड़े कदमों में से एक बताया है। इसके अलावा अखबार ने लखपति दीदी एम सुधा देवी को उद्यमिता और सतत आजीविका की मिसाल बनने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। मछुआरों द्वारा सी–शॉर रोड के विकास को लेकर की गई मांग को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** में जगह मिली है। **इंफो इंडिया** ने पहलगांव ग्राम पंचायत के पीआरआई सदस्यों द्वारा एन एच–4 की जर्जर सड़कों पर चिंता जताने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने हटबे पुलिस थाना द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद करने के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>